# भारत का विदेश व्यापार : 2007-08 (अप्रैल -अक्तूबर)

वाणिज्यिक आसूचना और अंक संकलन महानिदेशालय (डीजीसीआइएण्डएस) ने हाल ही में अप्रैल - अक्तूबर 2007 के लिए भारतीय पण्य व्यापार के अनंतिम आँकड़े और अप्रैल - अगस्त 2007 के लिए पण्य - वार ब्योरे जारी किए हैं । यह समीक्षा इन्हीं आँकड़ों पर आधारित है ।

## मुख्य-मुख्य बातें

- भारत के पण्य निर्यात में अक्तूबर 2007 के दौरान 35.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई है जो अक्तूबर 2006 (13.7 प्रतिशत) की तुलना में बहुत अधिक है । तथापि, 2007-08 (अप्रैल-अक्तूबर) के पहले 7 माह के दौरान निर्यात में 20.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई जो अप्रैल - अक्तूबर 2006 के दौरान के 25.0 प्रतिशत की तुलना में कम थी ।
- चालू वित्तीय वर्ष में इंजीनियरिंग वस्तुएँ, रत्न और आभूषण और पेट्रोलियम उत्पाद निर्यात में वृद्धि के मुख्य कारक थे जबकि टेक्सटाइल और टेक्सटाइल उत्पाद के निर्यात में कमी आई ।
- अक्तूबर 2007 के दौरान आयात में एक वर्ष पहले के 40.8 प्रतिशत की तुलना में 24.3 प्रतिशत की मामूली वृद्धि हुई। गैर तेल आयात में उल्लेखनीय वृद्धि के चलते अप्रैल - अक्तूबर 2007 के दौरान आयात में 25.2 प्रतिशत की वृद्धि एक वर्ष पहले की वृद्धि (26 प्रतिशत) के लगभग समान थी।
- पहले सात माह के दौरान गैर तेल आयात में 34.7 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई (एक वर्ष पहले 18.4 प्रतिशत) तथा इस अवधि के दौरान समग्र आयात की लगभग 91 प्रतिशत वृद्धि में इसका योगदान था।

- अप्रैल - अक्तूबर 2007 के दौरान तेल आयात में वृद्धि पिछले वर्ष के 44.0 प्रतिशत की तुलना में अत्यधिक तेजी से कम होकर 6.7 प्रतिशत रह गई। मात्रात्मक रूप में आयात में थोड़ी कमी आई जबकि कच्चे तेल की कीमत पिछले वर्ष की तुलना में अधिक रही ।


- अप्रैल - अक्तूबर 2007 के दौरान कच्चे तेल के भारतीय बास्केट की औसत कीमत 70.6 अमरीकी डॉलर प्रति बैरल रही, जो पिछले वर्ष 65.7 अमरीकी डॉलर प्रति बैरल की तुलना में लगभग 8 प्रतिशत अधिक है।

- 2007-08 के पहले सात माह (अप्रैल-अक्तूबर) के दौरान व्यापार घाटा 44.4 बिलियन अमरीकी डॉलर था, जो अप्रैल - अक्तूबर 2006 के दौरान के घाटे के स्तर (32.9 बिलियन अमरीकी डॉलर)से 11.5 बिलियन अमरीकी डॉलर अधिक है।

## निर्यात

अक्तूबर 2007 माह के दौरान भारतीय पण्य निर्यात में अक्तूबर 2006 के 13.7 प्रतिशत की तुलना में 35.6 प्रतिशत की काफी वृद्धि हुई। यह चालू वित्तीय वर्ष में अब तक दर्ज की गई उच्चतम मासिक निर्यात वृद्धि थी। (चार्ट 1, विवरण 1)

**चार्ट 1: भारत के निर्यात में वृद्धि**




**सारणी 'क' : भारत का वणिक माल व्यापार : अप्रैल-अक्तूबर**

(मिलियन अमरीकी डॉलर)


| मद | 2006-07 सं | 2007-08 अ |
|---|---|---|
| निर्यात | 70,844 | 85,486 |
| | (25.0) | (20.7) |
| तेल निर्यात * | 8,372 | 10,233 |
| | (117.8) | (22.2) |
| तेल से इतर निर्यात * | 41,963 | 49,486 |
| | (17.4) | (17.9) |
| आयात | 103,773 | 1,29,914 |
| | (26.0) | (25.2) |
| तेल आयात | 35,136 | 37,472 |
| | (44.0) | (6.7) |
| तेल से इतर आयात | 68,638 | 92,442 |
| | (18.4) | (34.7) |
| व्यापार संतुलन | -32,929 | -44,428 |

* : आंकड़े अप्रैल-अगस्त से संबंधित हैं।
अ : अनंतिम; सं: संशोधित
**टीप्पणी** : कोष्ठक में दिए गए आंकड़े पिछले वर्ष की तुलना में प्रतिशत परिवर्तन दिखाते हैं।
**स्रोत** : वाणिज्यिक आसूचना और अंक संकलन महानिदेशालय (डीजीसीआइएस)।

2007-08 के पहले सात माह (अप्रैल - अक्तूबर 2007) के दौरान कुल निर्यात 20.7 प्रतिशत बढ़कर 85.5 बिलियन अमरीकी डॉलर हो गया जो अप्रैल - अक्तूबर 2006 के दौरान की 25.0 प्रतिशत की वृद्धि से कम है। (सारणी क और विवरण 2) ।

अप्रैल - अगस्त 2007 के लिए उपलब्ध पण्य-वार आँकड़ों से ज्ञात होता है कि रत्नों और आभूषणों को छोड़कर सभी मुख्य पण्य समूहों की निर्यात वृद्धि में कमी आई। टेक्सटाइल और टेक्सटाइल उत्पादों तथा हथकरघा वस्तुओं के निर्यात में लगातार कमी की प्रवृत्ति देखी गई । तथापि, इंजीनियरिंग वस्तुएं, पेट्रोलियम उत्पाद तथा रत्न और आभूषण निर्यात में वृद्धि के वाहक रहे तथा अप्रैल -अगस्त 2007 के दौरान कुल निर्यात में लगभग 60 प्रतिशत हिस्सा इस समूह का था ( चार्ट 2, विवरण 3)।

चार्ट 2: निर्यात वृद्धि में चुनिंदा पण्यों का हिस्सा (अप्रैल - अगस्त)





कृषि और संबंधित उत्पादों के निर्यात में अप्रैल - अगस्त में 12.5 प्रतिशत की कमी (एक वर्ष पहले 22.8 प्रतिशत) मुख्यतया चाय, काजू, कपास तथा समुद्री उत्पादों में कमी के कारण हुई । जापान, अमरीका, बेल्जियम, बांग्लादेश और चीन जैसे मुख्य बाज़ारों में भी इन उत्पादों के निर्यात में कमी आई । अन्य प्राथमिक उत्पादों में लौह अयस्क के निर्यात में 18.8 प्रतिशत की वृद्धि के साथ टर्नअराउंड आया, जबकि पिछले वर्ष यह वृद्धि दर 9.5 प्रतिशत ऋणात्मक थी।

विनिर्मित वस्तुओं के निर्यात में कमी आई और पिछले वर्ष की 16.9 प्रतिशत की वृद्धि की तुलना में 13.3 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई । निर्यात वृद्धि में कमी के कारणों में चमड़ा और चमड़े की वस्तुओं, रसायनों तथा संबंधित उत्पादों, इंजीनियरिंग वस्तुओं के निर्यात की वृद्धि में कमी आना तथा टेक्सटाइल और टेक्सटाइल उत्पादों तथा हथकरघा वस्तुओं के निर्यात में गिरावट आना है। रसायनों और संबंधित उत्पादों के निर्यात में कमी (पिछले वर्ष के 20.0 प्रतिशत की तुलना में 9.0 प्रतिशत) मुख्यतया मूल रसायनों, फार्मास्युटिकल्स तथा प्रसाधन वस्तुओं के निर्यात में कमी आने के कारण हुई । जहाँ तक इंजीनियरिंग वस्तुओं का संबंध है, इनकी निर्यात वृद्धि दर में कमी (पिछले वर्ष के 34.9 प्रतिशत की तुलना में19.5 प्रतिशत) का कारण मशीनों और औज़ारों तथा लोहे और स्टील के निर्यात में कमी आना है।

टेक्सटाइल और टेक्सस्टाइल उत्पादों में पिछले वर्ष की 13.0 प्रतिशत की वृद्धि की तुलना में अप्रैल - अगस्त 2007 के दौरान निर्यात में थोड़ी-सी (0.1 प्रतिशत) कमी आई । यह ज्ञातव्य है कि टेक्सटाइल और टेक्सटाइल उत्पादों के निर्यात में पहली तिमाही (अप्रैल - जून 2007) में 11.1 प्रतिशत की गिरावट आई । तथापि, जुलाई और अगस्त 2007 के दौरान निर्यात में कुछ सुधार हुआ, हालांकि समग्र टेक्सटाइल निर्यात का स्तर चालू वर्ष के दौरान कम ही बना रहा (चार्ट 3) । इसके प्रमुख कारणों में तैयार वस्त्रों और सूती धागों, फैब्रिक्स और तैयार माल के निर्यात में कमी आना और अमरीका, यू.के., इटली और बांग्लादेश जैसे बड़े बाज़ारों द्वारा कम माल खरीदा जाना है। अमरीकी वाणिज्य विभाग, ऑफिस ऑफ टेक्सटाइल एण्ड अप्परेल के अनुसार अप्रैल - अक्तूबर

चार्ट 3: टेक्सटाइल एवं टेक्सटाइल उत्पादों के निर्यात की प्रवृत्ति



2007 के दौरान भारत से टेक्सटाइल और अप्परेल का आयात घटकर मूल्य के रूप में 3.2 प्रतिशत (पिछले वर्ष की तदनुरूप अवधि में 6.8 प्रतिशत) तथा मात्रात्मक रूप में 1.9 प्रतिशत (14.7 प्रतिशत) रह गया।

रत्न और आभूषण खंड ने पिछले वर्ष के दौरान 3.3 प्रतिशत की कमी की तुलना में 25.1 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करके निर्यात में वृद्धि की गति को बनाए रखा। अप्रैल - नवंबर 2007 की अवधि के लिए रत्न और आभूषण निर्यात संवर्धन परिषद (जीजेईपीसी) से उपलब्ध अद्यतन आँकड़ों के अनुसार पिछले वर्ष की तदनुरूपी अवधि की तुलना में रत्नों और आभूषणों के निर्यात में 22.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई ।


अप्रैल - अगस्त 2007 के दौरान पेट्रोलियम उत्पादों के निर्यात में 22.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई जो पिछले वर्ष की 117.8 प्रतिशत वृद्धि की तुलना अत्यधिक कम है । अप्रैल - अगस्त 2007 में यूएई, सिंगापुर और यमन गणराज्य जैसे प्रधान बाज़ारों को निर्यात में कमी आई ।

गंतव्य-वार, अमरीका भारत के निर्यात का प्रमुख देश रहा, हालांकि उसका हिस्सा अप्रैल - अगस्त 2006 के 15.2 प्रतिशत से कम होकर अप्रैल - अगस्त 2007 में 13.6 प्रतिशत रह गया । उसके बाद यूएई (10.5 प्रतिशत) चीन (5.2 प्रतिशत), सिंगापुर (4.3 प्रतिशत) और यूके (4.1 प्रतिशत) रहा । क्षेत्र-वार, अप्रैल - अगस्त 2007 के दौरान यूरोपियन यूनियन को भारत से निर्यात में तीव्र वृद्धि हुई जबकि उत्तरी अमरीका, एशिया और ओशेनिया, ओपेक तथा विकासशील देशों में निर्यात में कमी आई (विवरण 4)। यूरोपियन यूनियन क्षेत्र में यूरो क्षेत्र भारत के मुख्य व्यापार ब्लॉक के रूप में उभरा और यह यूरोपियन यूनियन के साथ कुल व्यापार के 82 प्रतिशत का प्रतिनिधित्व करता है (बॉक्स) ।

**बाक्स : यूरो क्षेत्र के साथ भारत का व्यापार संबंध**

यूरो क्षेत्र (जिसमें बेल्जियम, जर्मनी, ग्रीस, स्पेन, फ्रांस, आयरलैंड, इटली, लक्समबर्ग, दि नीदरलैंड्स, ऑस्ट्रिया, पुर्तगाल, फिनलैंड और स्लोवेनिया नामक 13 देश आते हैं ) ईयू व्यापार ब्लॉक का सबसे बड़ा घटक है और यह ईयू के वैश्विक पण्य व्यापार (आयात और निर्यात) के लगभग 75 प्रतिशत का प्रतिनिधित्व करता है । गत वर्षों में ईयू के साथ भारत के व्यापार में यूरो क्षेत्र के हिस्से में लगातार बढ़ोतरी हुई है (चार्ट 1)। ईयू क्षेत्र के साथ भारत के कुल व्यापार में डॉलर में यूरो क्षेत्र का हिस्सा 82 प्रतिशत है; वर्ष 2006-07 में निर्यात में उसका

चार्ट 1 : ईयू के साथ भारत के व्यापार में यूरो क्षेत्र का हिस्सा




हिस्सा 71 प्रतिशत और आयात में 91 प्रतिशत था। पिछले पाँच वर्षों (2002-03 से 2006-07) में यूरो क्षेत्र में भारत के निर्यात में औसतन 21.5 प्रतिशत तथा आयात में 30.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई । आयात लगातार निर्यात से अधिक होने के कारण भारत का यूरो क्षेत्र के साथ लगातार व्यापार घाटा बना हुआ है।


यूरो क्षेत्र में जर्मनी भारत का प्रमुख व्यापार भागीदार रहा है तथा इसके बाद बेल्जियम, इटली, फ्रांस, नीदरलैंड और स्पेन आते हैं । इन छह देशों को भारत का निर्यात यूरो क्षेत्र में कुल निर्यात का 89 प्रतिशत है तथा इस क्षेत्र से आयात यूरो क्षेत्र से कुल आयात का 80 प्रतिशत है। यूरो क्षेत्र को भारत का निर्यात 2006-07 में 19.1 बिलियन अमरीकी डॉलर रहा, जो ईयू को भारत के निर्यात का लगभग 71 प्रतिशत और कुल निर्यात का लगभग 15 प्रतिशत है । इंजीनियरिंग वस्तुएँ, रसायन और संबंधित उत्पाद, तैयार वस्त्र, रत्न और आभूषण , चमड़ा और उसकी वस्तुएँ तथा कच्चा तेल और तेल उत्पाद यूरो क्षेत्र को भारत के प्रमुख निर्यात हैं तथा 2006-07 में यूरो क्षेत्र में कुल पण्य निर्यात का लगभग 74 प्रतिशत हिस्सा केवल इन वस्तुओं का था। यूरो क्षेत्र से भारत का आयात 2006-07 में 27.1 बिलियन अमरीकी डालर था जो यूरोपियन यूनियन से आयात का 90.7 प्रतिशत है और भारत के कुल आयात का 14.6 प्रतिशत। यूरो क्षेत्र से भारत को आयातित वस्तुओं में मुख्यतया परिवहन उपकरण, मशीनरी, मोती, बहुमूल्य और कम मूल्यवान पत्थर, इलेक्ट्रॉनिक वस्तुएं एवं लोहा और स्टील हैं जो यूरो क्षेत्र से भारत के कुल आयात का 72 प्रतिशत है । पिछले कुछ वर्षों के दौरान यूरो क्षेत्र को भारत के निर्यात में ढाँचागत परिवर्तन हुआ है। इंजीनियरिंग वस्तुओं और पेट्रोलियम, कच्चे तेल और उसके उत्पादों के हिस्से में सुधार हुआ है जबकि तैयार वस्त्रों, रत्नों और आभूषणों तथा चमड़े और उसके उत्पाद के निर्यात में कमी आई है। (चार्ट 2-ए और 2 बी)

हालांकि यूरो क्षेत्र भारत के लिए एक प्रमुख व्यापार ब्लॉक रहा है, यूरो के परिप्रेक्ष्य में यूरो के व्यापार में भारत का हिस्सा काफी अधिक नहीं है। भारत का हिस्सा 2006 में यूरो के कुल निर्यात में केवल 0.7 प्रतिशत और आयात में 0.6 प्रतिशत था; हालांकि 2001 में इनके क्रमशः 0.4 और 0.5 प्रतिशत हिस्से से सुधार हुआ है। तथापि, भारत और ईयू के बीच व्यापक द्विपक्षीय व्यापार के निरंतर प्रयास और इनके बीच निवेश करार होने से भारत के व्यापार के लिए नए बाज़ारों के खुलने से ईयू क्षेत्र में सामान्य रूप से और यूरो क्षेत्र में विशेष रूप से व्यापार संभावनाओं के अवसर बढ़ेंगे ।

चार्ट 2 -ए : यूरो क्षेत्र को भारत का निर्यात (2001-02)




चार्ट 2 -बी : यूरो क्षेत्र को भारत का निर्यात (2006-2007)



## आयात

अक्तूबर 2007 के दौरान भारत के पण्य आयात में 24.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई जबकि अक्तूबर 2006 में 40.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। अप्रैल - अक्तूबर 2007 के दौरान कुल आयात की राशि 129.9 बिलियन अमरीकी डॉलर थी जो 25.2 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाती है (एक वर्ष पहले 26.0 प्रतिशत)। गैर तेल आयात में 34.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई जोकि आयात में समग्र वृद्धि का लगभग 91 प्रतिशत है, जबकि पीओएल के आयात में तेजी से कमी आई ।

अप्रैल - अक्तूबर 2007 के दौरान पीओएल का आयात 37.5 बिलियन अमरीकी डॉलर था जोकि समग्र पण्य आयात का 29 प्रतिशत है। । वृद्धि के अनुसार, तेल आयात में अप्रैल - अक्तूबर 2006 के 44.0 प्रतिशत की तुलना में 6.7 प्रतिशत की कम वृद्धि हुई। अप्रैल - अगस्त 2007 के दौरान मात्रा के रूप में पीओएल आयात में एक वर्ष पहले के 18.2 प्रतिशत की तुलना में 13.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई। कच्चे तेल के भारतीय बास्केट की औसत कीमत अप्रैल - अक्तूबर 2007 के दौरान 70.6 अमरीकी डॉलर प्रति बैरल थी जो पिछले वर्ष की तदनुरूपी अवधि (65.7 अमरीकी डॉलर प्रति बैरल) की तुलना में 7.5 प्रतिशत अधिक थी (सारणी ख)। तेल और प्राकृतिक गैस मंत्रालय (पेट्रोलियम आयोजना और विश्लेषण कक्ष), भारत सरकार के अनुसार अप्रैल - अक्तूबर 2007 के दौरान पेट्रोलियम उत्पादों की खपत पिछले वर्ष की तदनुरूपी अवधि की तुलना में 4.0 प्रतिशत अधिक थी ।

गैर तेल आयातों के मामले में पूंजीगत वस्तुएँ तथा सोना और चाँदी आयात में वृद्धि के मुख्य घटक थे (चार्ट-4)। अप्रैल - अगस्त 2007 के दौरान पूंजीगत वस्तुओं के आयात में 28.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई (पिछले वर्ष के 39.1 प्रतिशत के स्तर से ऊपर) जबकि सोने और चांदी के आयात की मात्रा इस अवधि के दौरान दुगुनी हो गई । गैर तेल आयात में वृद्धि को बढ़ाने वाली अन्य मदों में लोहा और स्टील, मोती, बहुमूल्य और कम मूल्यवान पत्थर, रसायन, कोयला, कोक और ईंटें थीं (विवरण 5 और चार्ट 4)

**सारणी ख : कच्चे तेल की कीमतों की प्रवृत्तियां**

(अमरीकी डॉलर/बैरल)


| | दुबई | यूके. ब्रेंट | यूएस. डब्ल्यूटीआई | भारतीय बास्केट* |
|---|---|---|---|---|
| 1995-96 | 16.2 | 17.5 | 18.8 | 16.7 |
| 2000-01 | 25.9 | 28.1 | 30.3 | 26.8 |
| 2001-02 | 21.8 | 23.2 | 24.1 | 22.4 |
| 2002-03 | 25.9 | 27.6 | 29.2 | 26.6 |
| 2003-04 | 26.9 | 29.0 | 31.4 | 27.8 |
| 2004-05 | 36.4 | 42.2 | 45.0 | 38.9 |
| 2005-06 | 53.4 | 58.0 | 59.9 | 55.3 |
| 2006-07 | 60.9 | 64.4 | 64.7 | 62.3 |
| 2006-07 (अप्रैल-अक्तूबर) | 64.0 | 68.3 | 68.8 | 65.7 |
| 2007-08 (अप्रैल-अक्तूबर) | 68.7 | 73.5 | 72.5 | 70.6 |
| अक्तूबर 2006 | 56.5 | 58.4 | 58.9 | 57.3 |
| अक्तूबर 2007 | 77.1 | 82.9 | 85.9 | 79.4 |

* भारतीय बास्केट में दुबई क्रूड द्वारा बेंचमार्कित 59.8 प्रतिशत 'सावर' किस्म तथा यूके ब्रेंट क्रूड द्वारा बेंचमार्कित 40.2 प्रतिशत 'स्वीट' किस्म शामिल है ।

**स्रोत :** अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष, अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सांख्यिकी, विश्व बैंक का पण्य मूल्य पिंकशीट, अक्तूबर 2007 ।

स्रोत-वार, अप्रैल - अगस्त 2007 के दौरान चीन आयात (तेल और गैर तेल) का मुख्य स्रोत देश था तथा देश के कुल आयात में उसका हिस्सा 11.0 प्रतिशत था । इसके बाद सऊदी अरब (6.8 प्रतिशत), स्विटजरलैंड (6.0 प्रतिशत) यूएस (5.7 प्रतिशत), यूएई (5.6 प्रतिशत), आस्ट्रेलिया (4.1 प्रतिशत), ईरान (4.1 प्रतिशत) तथा जर्मनी (3.8 प्रतिशत) का स्थान था ( विवरण 6)।

चार्ट 4 : गैर तेल आयात वृद्धि में चुनिंदा पण्यों का हिस्सा (अप्रैल - अगस्त)




## व्यापार घाटा

अक्तूबर 2007 में व्यापार घाटा 7.5 बिलियन अमरीकी डॉलर (अक्तूबर 2006 में 6.9 बिलियन अमरीकी डॉलर) हो गया। अप्रैल - अक्तूबर 2007 के दौरान समग्र व्यापार घाटा 44.4 बिलियन अमरीकी डॉलर था जो एक वर्ष पहले (32.9 बिलियन अमरीकी डॉलर) के स्तर से 11.5 बिलियन अमरीकी डॉलर ज्यादा है (विवरण 2)। अप्रैल - अगस्त 2007 के दौरान तेल खाते का व्यापार घाटा 2.5 बिलियन अमरीकी डॉलर बढ़कर 18.6 बिलियन अमरीकी डॉलर हो गया जबकि गैर तेल व्यापार घाटा 12.2 बिलियन अमरीकी डॉलर से बढ़कर 16.4 बिलियन अमरीकी डॉलर हो गया।

## वैश्विक व्यापार

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के अन्तर्राष्ट्रीय वित्तीय सांख्यिकीय आँकड़ों के अनुसार 2007 के पहले आठ महीनों (जनवरी-अगस्त) में विश्व निर्यात में 14.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई जो एक वर्ष पूर्व प्राप्त वृद्धि (14.6 प्रतिशत) के बराबर थी। औद्योगिक देशों से निर्यात में वृद्धि की दर बढ़कर 13.6 प्रतिशत पर थी (एक वर्ष पूर्व 10.9 प्रतिशत), जबकि विकासशील देशों से निर्यात में वृद्धि की दर घटकर 14.7 प्रतिशत (19.5 प्रतिशत) रह गई। यूएस ब्यूरो ऑफ इकॉनोमिक एनालाइसिस (बीईए) के अनुसार जनवरी-अक्तूबर 2007 के दौरान अमरीकी निर्यात (12.3 प्रतिशत वृद्धि) में आयात (4.6 प्रतिशत) की अपेक्षा उच्चतर वृद्धि हुई। यूरोपियन यूनियन के मामले में, यूरोस्टेट के अनुसार व्यापार में कमी आने के चलते निर्यात में जनवरी-अक्तूबर 2007 में 7.3 प्रतिशत की कम वृद्धि दर्ज की गई (एक वर्ष पहले 11.2 प्रतिशत) तथा आयात में 4.3 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई (एक वर्ष पहले 17.3 प्रतिशत)। जनवरी- अक्तूबर 2007 के दौरान जापान के निर्यात में 13.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई (एक वर्ष पहले 13.1 प्रतिशत) तथा आयात में 8.0 प्रतिशत (एक वर्ष पूर्व 17.3 प्रतिशत) की वृद्धि हुई। उभरते हुए बाजारों के बीच चीन के निर्यात में, चीन गणराज्य के वाणिज्य मंत्रालय के अनुसार, जनवरी-अक्तूबर 2007 के दौरान 26.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई जबकि आयात में 19.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

**विवरण 1 : अक्तूबर 2007 महीने में भारत का विदेश व्यापार**

| वर्ष | निर्यात | | | आयात | | | व्यापार शेष | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | कुल | तेल | तेल से इतर | कुल | तेल | तेल से इतर | कुल | तेल | तेल से इतर |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| **करोड़ रुपए** | | | | | | | | | |
| 2004-05 | 29,846 | 3,372 | 26,474 | 41,155 | 12,197 | 28,958 | -11,308 | -8,825 | -2,484 |
| 2005-06 | 38,643 | 5,457 | 33,187 | 53,256 | 15,423 | 37,833 | -14,612 | -9,966 | -4,646 |
| | (29.5) | (61.8) | (25.4) | (29.4) | (26.4) | (30.6) | | | |
| 2006-07 सं. | 44,589 | 6,864 | 37,724 | 76,048 | 25,270 | 50,778 | -31,459 | -18,406 | -13,053 |
| | (15.4) | (25.8) | (13.7) | (42.8) | (63.8) | (34.2) | | | |
| 2007-08 अ. | 52,561 | .. | .. | 82,126 | 24,206 | 57,920 | -29,565 | | |
| | (17.9) | | | (8.0) | (-4.2) | (14.1) | | | |
| **मिलियन अमरीकी डॉलर** | | | | | | | | | |
| 2004-05 | 6,519 | 737 | 5,783 | 8,989 | 2,664 | 6,325 | -2,470 | -1,928 | -542 |
| 2005-06 | 8,622 | 1,218 | 7,405 | 11,883 | 3,441 | 8,441 | -3,260 | -2,224 | -1,037 |
| | (32.3) | (65.3) | (28.1) | (32.2) | (29.2) | (33.5) | | | |
| 2006-07 सं. | 9,807 | 1,510 | 8,297 | 16,726 | 5,558 | 11,168 | -6,919 | -4,048 | -2,871 |
| | (13.7) | (24.0) | (12.0) | (40.8) | (61.5) | (32.3) | | | |
| 2007-08 अ. | 13,303 | .. | .. | 20,785 | 6,126 | 14,659 | -7,483 | | |
| | (35.6) | | | (24.3) | (10.2) | (31.3) | | | |
| **मिलियन विशेष आहरण अधिकार** | | | | | | | | | |
| 2004-05 | 4,406 | 498 | 3,908 | 6,075 | 1,801 | 4,275 | -1,669 | -1,303 | -367 |
| 2005-06 | 5,964 | 842 | 5,122 | 8,219 | 2,380 | 5,839 | -2,255 | -1,538 | -717 |
| | (35.4) | (69.2) | (31.1) | (35.3) | (32.2) | (36.6) | | | |
| 2006-07 सं. | 6,655 | 1,024 | 5,630 | 11,350 | 3,772 | 7,579 | -4,695 | -2,747 | -1,948 |
| | (11.6) | (21.6) | (9.9) | (38.1) | (58.4) | (29.8) | | | |
| 2007-08 अ. | 8,535 | .. | .. | 13,336 | 3,931 | 9,405 | -4,801 | | |
| | (28.3) | | | (17.5) | (4.2) | (24.1) | | | |

अ : अनंतिम। सं : संशोधित। .. : अनुपलब्ध।
**टिप्पणी** : कोष्ठक के आंकड़े पिछले वर्ष की तदनुरूपी अवधि की तुलना में प्रतिशत घट-बढ़ से संबंधित हैं।
**स्रोत** : वाणिज्यिक आसूचना और अंक संकलन महानिदेशालय।

## विवरण 2 : भारत का विदेश व्यापार

| वर्ष | निर्यात | | | आयात | | | व्यापार शेष | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | कुल | तेल | तेल से इतर | कुल | तेल | तेल से इतर | कुल | तेल | तेल से इतर |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| **अप्रैल - मार्च** | | | | | | | | | |
| **करोड़ रुपए** | | | | | | | | | |
| 2004-2005 | 3,75,340 | 31,404 | 3,43,935 | 5,01,065 | 1,34,094 | 3,66,971 | -125,725 | -102,690 | -23,035 |
| | (27.9) | (91.5) | (24.2) | (39.5) | (41.9) | (38.7) | | | |
| 2005-2006 सं. | 4,56,418 | 51,533 | 4,04,885 | 6,60,409 | 1,94,640 | 4,65,769 | -203,991 | -143,107 | -60,884 |
| | (21.6) | (64.1) | (17.7) | (31.8) | (45.2) | (26.9) | | | |
| 2006-2007 अ. | 5,71,779 | 84,520 | 487,259 | 8,40,506 | 2,58,572 | 5,81,935 | -268,727 | -174,052 | -94,675 |
| | (25.3) | (64.0) | (20.3) | (27.3) | (32.8) | (24.9) | | | |
| **मिलियन अमरीकी डॉलर** | | | | | | | | | |
| 2004-2005 | 83,536 | 6,989 | 76,547 | 1,11,517 | 29,844 | 81,673 | -27,981 | -22,855 | -5,127 |
| | (30.8) | (95.9) | (27.0) | (42.7) | (45.1) | (41.8) | | | |
| 2005-2006 सं. | 1,03,091 | 11,640 | 91,451 | 1,49,166 | 43,963 | 1,05,203 | -46,075 | -32,323 | -13,752 |
| | (23.4) | (66.5) | (19.5) | (33.8) | (47.3) | (28.8) | | | |
| 2006-2007 अ. | 1,26,361 | 18,679 | 1,07,683 | 1,85,749 | 57,144 | 1,28,606 | -59,388 | -38,465 | -20,923 |
| | (22.6) | (60.5) | (17.7) | (24.5) | (30.0) | (22.2) | | | |
| **मिलियन विशेष आहरण अधिकार** | | | | | | | | | |
| 2004-2005 | 56,081 | 4,692 | 51,389 | 74,866 | 20,036 | 54,830 | -18,785 | -15,343 | -3,442 |
| | (25.6) | (88.0) | (21.9) | (36.9) | (39.2) | (36.1) | | | |
| 2005-2006 सं. | 70,774 | 7,991 | 62,783 | 102,405 | 30,182 | 72,224 | -31,632 | -22,191 | -9,441 |
| | (26.2) | (70.3) | (22.2) | (36.8) | (50.6) | (31.7) | | | |
| 2006-2007 अ. | 85,018 | 12,567 | 72,451 | 124,975 | 38,447 | 86,528 | -39,957 | -25,880 | -14,077 |
| | (20.1) | (57.3) | (15.4) | (22.0) | (27.4) | (19.8) | | | |
| **अप्रैल-अक्तूबर** | | | | | | | | | |
| **करोड़ रुपए** | | | | | | | | | |
| 2004-2005 | 192,892 | 16,697 | 176,195 | 259,989 | 78,595 | 181,394 | -67,097 | -61,898 | -5,199 |
| 2005-2006 | 248,298 | 26,811 | 221,487 | 360,912 | 106,875 | 254,037 | -112,614 | -80,064 | -32,549 |
| | (28.7) | (60.6) | (25.7) | (38.8) | (36.0) | (40.0) | | | |
| 2006-2007 सं. | 324,864 | 52,583 | 272,281 | 475,863 | 161,117 | 314,745 | -150,999 | -108,534 | -42,465 |
| | (30.8) | (96.1) | (22.9) | (31.9) | (50.8) | (23.9) | | | |
| 2007-2008 अ. | 347,794 | .. | .. | 528,546 | 152,452 | 376,094 | -180,753 | | |
| | (7.1) | | | (11.1) | (-5.4) | (19.5) | | | |
| **मिलियन अमरीकी डॉलर** | | | | | | | | | |
| 2004-2005 | 42,334 | 3,664 | 38,670 | 57,060 | 17,249 | 39,811 | -14,726 | -13,585 | -1,141 |
| 2005-2006 | 56,669 | 6,119 | 50,550 | 82,371 | 24,392 | 57,979 | -25,702 | -18,273 | -7,429 |
| | (33.9) | (67.0) | (30.7) | (44.4) | (41.4) | (45.6) | | | |
| 2006-2007 सं. | 70,844 | 11,467 | 59,377 | 103,773 | 35,136 | 68,638 | -32,929 | -23,668 | -9,260 |
| | (25.0) | (87.4) | (17.5) | (26.0) | (44.0) | (18.4) | | | |
| 2007-2008 अ. | 85,486 | 10233* | 49486* | 129,914 | 37,472 | 92,442 | -44,428 | | |
| | (20.7) | (22.2) | (17.9) | (25.2) | (6.7) | (34.7) | | | |
| **मिलियन विशेष आहरण अधिकार** | | | | | | | | | |
| 2004-2005 | 28,888 | 2,501 | 26,387 | 38,936 | 11,770 | 27,166 | -10,049 | -9,270 | -779 |
| 2005-2006 | 38,500 | 4,157 | 34,343 | 55,962 | 16,572 | 39,390 | -17,462 | -12,415 | -5,047 |
| | (33.3) | (66.2) | (30.2) | (43.7) | (40.8) | (45.0) | | | |
| 2006-2007 सं. | 47,957 | 7,762 | 40,195 | 70,248 | 23,785 | 46,464 | -22,291 | -16,022 | -6,269 |
| | (24.6) | (86.7) | (17.0) | (25.5) | (43.5) | (18.0) | | | |
| 2007-2008 अ. | 55,869 | .. | .. | 84,905 | 24,490 | 60,415 | -29,036 | | |
| | (16.5) | | | (20.9) | (3.0) | (30.0) | | | |

अ : अनंतिम। सं. : संशोधित। .. : अनुपलब्ध। * : अप्रैल-अगस्त से संबंधित।

**टिप्पणी** : 1. कोष्ठक के आंकड़े पिछले वर्ष की तदनुरूपी अवधि की तुलना में प्रतिशत घट-बढ़ से संबंधित हैं।
2. अवधि की औसत विनिमय दर का प्रयोग करते हुए आंकड़ों में परिवर्तन किया गया है।

**स्रोत** : वाणिज्यिक आसूचना और अंक संकलन महानिदेशालय।

## विवरण 3 : भारत से मुख्य वस्तुओं का निर्यात

(मिलियन अमरीकी डॉलर)

| वस्तु समूह | अप्रैल-अगस्त | | | प्रतिशत घट-बढ़ | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 2005-06 | 2006-07 | 2007-08 अ | (3)/(2) | (4)/(3) |
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
| **I प्राथमिक उत्पाद** | **6,044.0** | **7,064.5** | **7,967.6** | **16.9** | **12.8** |
| | **(15.3)** | **(14.0)** | **(13.3)** | | |
| **क. कृषि और संबद्ध उत्पाद** | **3,753.1** | **4,607.9** | **5,182.7** | **22.8** | **12.5** |
| *जिसमें:* | **(9.5)** | **(9.2)** | **(8.7)** | | |
| 1. चाय | 153.5 | 182.3 | 156.3 | 18.7 | -14.3 |
| 2. कॉफी | 154.8 | 194.5 | 174.8 | 25.6 | -10.1 |
| 3. चावल | 591.2 | 532.7 | 961.2 | -9.9 | 80.4 |
| 4. गेहूं | 106.5 | 5.5 | 0.0 | -94.8 | -99.4 |
| 5. अपशेष सहित कच्ची रूई | 120.8 | 324.6 | 227.6 | 168.8 | -29.9 |
| 6. तंबाकू | 118.0 | 156.9 | 183.1 | 33.0 | 16.7 |
| 7. सीएनएसएल सहित काजू | 275.8 | 237.9 | 211.9 | -13.7 | -10.9 |
| 8. मसाले | 189.7 | 250.4 | 391.1 | 32.0 | 56.2 |
| 9. तेल खाद्य | 263.0 | 298.0 | 336.8 | 13.3 | 13.0 |
| 10. समुद्री उत्पाद | 586.9 | 588.1 | 558.5 | 0.2 | -5.0 |
| 11. चीनी और खांडसारी | 12.4 | 481.1 | 510.5 | 3788.4 | 6.1 |
| **ख. अयस्क और खनिज** | **2,290.9** | **2,456.6** | **2,784.9** | **7.2** | **13.4** |
| *जिसमें से :* | **(5.8)** | **(4.9)** | **(4.7)** | | |
| 1. लौह अयस्क | 1,419.3 | 1,284.2 | 1,525.0 | -9.5 | 18.8 |
| 2. प्रसंस्करित खनिज | 420.0 | 576.8 | 510.3 | 37.3 | -11.5 |
| **II. विनिर्मित वस्तुएं** | **28,506.1** | **33,322.3** | **37,741.5** | **16.9** | **13.3** |
| *जिसमें से :* | **(72.0)** | **(66.2)** | **(63.2)** | | |
| **क. चमड़ा और उससे बनी वस्तुएं।** | **1,135.3** | **1,227.6** | **1,312.0** | **8.1** | **6.9** |
| **ख. रसायन और संबद्ध उत्पाद** | **5,623.1** | **6,747.3** | **7,352.4** | **20.0** | **9.0** |
| 1. मूलभूत रसायन, दवाइयां और प्रसाधन सामग्री | 3,384.4 | 4,269.5 | 4,724.5 | 26.2 | 10.7 |
| 2. प्लास्टिक और लिनोलियम | 1,195.0 | 1,237.4 | 1,208.8 | 3.6 | -2.3 |
| 3. रबड़, कांच, रंग और एनामेल आदि, | 781.3 | 950.0 | 1,081.4 | 21.6 | 13.8 |
| 4. अवशिष्ट रसायन और संबद्ध उत्पाद | 262.4 | 290.4 | 337.6 | 10.6 | 16.3 |
| **ग. इंजीनियरिंग वस्तुएं** | **8,435.2** | **11,382.7** | **13,604.8** | **34.9** | **19.5** |
| *जिसमें से :* | | | | | |
| 1. धातु से विनिर्मित | 1,660.5 | 1,966.6 | 2,461.9 | 18.4 | 25.2 |
| 2. मशीन और उपकरण | 1,904.0 | 2,661.9 | 3,185.6 | 39.8 | 19.7 |
| 3. परिवहन उपस्कर | 1,862.3 | 2,010.7 | 2,634.9 | 8.0 | 31.0 |
| 4. लोहा और इस्पात | 1,450.8 | 1,941.8 | 2,080.4 | 33.8 | 7.1 |
| 5. इलेक्ट्रोनिक वस्तुएं | 769.0 | 1,134.8 | 1,191.0 | 47.6 | 5.0 |
| **घ. वस्त्र और वस्त्र से बने उत्पाद** | **6,364.6** | **7,190.9** | **7,182.8** | **13.0** | **-0.1** |
| 1. सूती धागा, कपड़ा, उससे बनी वस्तुए, आदि, | 1,529.8 | 1,763.0 | 1,736.3 | 15.2 | -1.5 |
| 2. प्राकृतिक रेशमी धागा, कपड़ा, उससे बनी हुई वस्तुएं (सिल्क कतरन सहित) | 183.8 | 181.3 | 151.7 | -1.3 | -16.3 |
| 3. कृत्रिम धागा, कपड़ा, उससे बनी वस्तुएं | 749.5 | 852.9 | 1,020.7 | 13.8 | 19.7 |
| 4. मानव निर्मित स्टेपल फाइबर | 27.7 | 56.7 | 90.4 | 105.1 | 59.4 |
| 5. ऊनी धागा, कपड़ा, उससे बनी वस्तुएं आदि | 36.2 | 35.4 | 33.7 | -2.3 | -4.8 |
| 6. तैयार वस्त्र | 3,341.9 | 3,746.6 | 3,632.8 | 12.1 | -3.0 |
| 7. जूट और जूट विनिर्माण | 127.8 | 130.7 | 120.8 | 2.2 | -7.5 |
| 8. कॉयर और कॉयर उत्पाद | 54.0 | 58.7 | 59.6 | 8.6 | 1.6 |
| 9. कार्पेट | 314.0 | 365.7 | 336.9 | 16.4 | -7.9 |
| (क) हस्त निर्मित कार्पेट | 307.3 | 359.0 | 331.9 | 16.8 | -7.5 |
| (ख) मिल में निर्मित कार्पेट | 0.0 | 0.0 | 0.0 | | |
| (ग) रेशमी कार्पेट | 6.7 | 6.7 | 5.0 | -0.5 | -25.6 |
| **ङ. रत्न और आभूषण** | **6,341.1** | **6,130.9** | **7,667.2** | **-3.3** | **25.1** |
| **च. हस्त शिल्प** | **210.1** | **188.7** | **106.2** | **-10.2** | **-43.7** |
| **III. पेट्रोलियम उत्पाद** | **3,844.1** | **8,372.0** | **10,233.1** | **117.8** | **22.2** |
| | **(9.7)** | **(16.6)** | **(17.1)** | | |
| **IV. अन्य** | **1,185.3** | **1,576.4** | **3,776.4** | **33.0** | **139.6** |
| | **(3.0)** | **(3.1)** | **(6.3)** | | |
| **कुल निर्यात** | **39,579.4** | **50,335.2** | **59,718.5** | **27.2** | **18.6** |

अ - अनंतिम।

**टिप्पणी** 1 - कोष्ठक के आंकड़े कुल निर्यात में उस अवधि के प्रतिशत अंश से संबंधित हैं।
2 - आंकड़ों के पूर्णांकन के कारण हो सकता है कि प्रतिशत घट-बढ़ के आंकड़े मेल न खाएं।

**स्रोत** : वाणिज्यिक आसूचना और अंक संकलन महानिदेशालय।

## विवरण 4 : भारत के विदेशी व्यापार की दिशा - निर्यात

(मिलियन अमरीकी डॉलर)

| समूह / देश | अप्रैल-अगस्त | | | प्रतिशत घट-बढ़ | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 2005-06 | 2006-07 | 2007-08 अ | (3)/(2) | (4)/(3) |
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
| **I. आर्थिक सहयोग और विकास संगठन के देश** | **17,605.7** | **20,458.5** | **23,346.5** | **16.2** | **14.1** |
| **क. यूरोपीय संघ** | **8,668.5** | **9,955.4** | **12,049.6** | **14.8** | **21.0** |
| *जिसमें से :* | | | | | |
| 1. बेल्जियम | 1,114.8 | 1,262.4 | 1,701.3 | 13.2 | 34.8 |
| 2. फ्रान्स | 914.1 | 931.5 | 965.1 | 1.9 | 3.6 |
| 3. जर्मनी | 1,379.0 | 1,581.1 | 1,887.0 | 14.7 | 19.3 |
| 4. इटली | 978.1 | 1,402.4 | 1,543.8 | 43.4 | 10.1 |
| 5. नीदरलैंड | 875.7 | 884.4 | 1,624.7 | 1.0 | 83.7 |
| 6. ब्रिटेन | 1,995.3 | 2,213.2 | 2,442.8 | 10.9 | 10.4 |
| **ख. उत्तरी अमरीका** | **6,970.2** | **8,108.9** | **8,594.0** | **16.3** | **6.0** |
| 1. कनाडा | 410.6 | 471.9 | 490.3 | 14.9 | 3.9 |
| 2. अमरीका | 6,559.6 | 7,637.0 | 8,103.6 | 16.4 | 6.1 |
| **ग. एशिया और ओसीनिया** | **1,386.4** | **1,771.9** | **1,776.3** | **27.8** | **0.2** |
| *जिसमें से :* | | | | | |
| 1. आस्ट्रेलिया | 333.8 | 358.8 | 410.1 | 7.5 | 14.3 |
| 2. जापान | 977.3 | 987.1 | 1,308.4 | 1.0 | 32.6 |
| **घ. आर्थिक सहयोग और विकास संगठन के अन्य देश** | **580.6** | **622.2** | **926.6** | **7.2** | **48.9** |
| *जिसमें से :* | | | | | |
| 1. स्विट्ज़रलैंड | 200.6 | 171.5 | 236.6 | -14.5 | 38.0 |
| **II. पेट्रोलियम निर्यातक देशों का संगठन** | **5,475.6** | **8,720.0** | **10,614.9** | **59.3** | **21.7** |
| *जिसमें से :* | | | | | |
| 1. इंडोनेशिया | 469.0 | 781.9 | 653.7 | 66.7 | -16.4 |
| 2. ईरान | 451.0 | 692.4 | 1,078.4 | 53.5 | 55.8 |
| 3. ईराक | 35.6 | 89.9 | 78.7 | 152.8 | -12.4 |
| 4. कुवैत | 204.3 | 236.3 | 260.7 | 15.6 | 10.3 |
| 5. सऊदी अरब | 735.6 | 951.3 | 1,361.0 | 29.3 | 43.1 |
| 6. संयुक्त अरब अमीरात | 3,020.6 | 5,255.8 | 6,299.6 | 74.0 | 19.9 |
| **III. पूर्वी यूरोप** | **755.2** | **929.0** | **1,285.1** | **23.0** | **38.3** |
| *जिसमें से :* | | | | | |
| 1. रूमानिया | 38.5 | 52.4 | 118.9 | 36.2 | 126.9 |
| 2. रूस | 280.4 | 336.6 | 331.4 | 20.0 | -1.5 |
| **IV. विकासशील देश** | **15,647.1** | **20,144.9** | **24,220.0** | **28.7** | **20.2** |
| *जिसमें से :* | | | | | |
| **क. एशिया** | **12,174.8** | **15,092.7** | **17,272.6** | **24.0** | **14.4** |
| **अ) दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संघ** | **2,223.4** | **2,794.5** | **3,090.0** | **25.7** | **10.6** |
| 1. बांग्लादेश | 642.7 | 676.3 | 816.6 | 5.2 | 20.7 |
| 2. भूटान | 44.2 | 24.5 | 31.2 | - | 27.7 |
| 3. मालदीव | 30.0 | 27.7 | 31.5 | -7.8 | 13.8 |
| 4. नेपाल | 319.9 | 383.3 | 518.6 | 19.8 | 35.3 |
| 5. पाकिस्तान | 251.9 | 636.4 | 656.8 | 152.7 | 3.2 |
| 6. श्रीलंका | 884.0 | 987.9 | 945.6 | 11.8 | -4.3 |
| 7. अफगानिस्तान | 50.7 | 58.4 | 89.7 | 15.2 | 53.5 |
| **आ) अन्य एशियाई विकासशील देश** | **9,951.4** | **12,298.2** | **14,182.6** | **23.6** | **15.3** |
| *जिसमें से :* | | | | | |
| 1. चीन गणराज्य | 2,438.9 | 2,851.8 | 3,097.2 | 16.9 | 8.6 |
| 2. हांगकांग | 1,860.7 | 1,776.8 | 2,330.8 | -4.5 | 31.2 |
| 3. दक्षिण कोरिया | 639.7 | 842.6 | 918.2 | 31.7 | 9.0 |
| 4. मलेशिया | 406.6 | 480.5 | 771.6 | 18.2 | 60.6 |
| 5. सिंगापुर | 2,323.5 | 3,085.0 | 2,548.3 | 32.8 | -17.4 |
| 6. थाइलैंड | 404.2 | 560.6 | 603.0 | 38.7 | 7.6 |
| **ख. अफ्रीका** | **2,148.0** | **3,508.7** | **4,960.9** | **63.3** | **41.4** |
| *जिसमें से :* | | | | | |
| 1. बेनिन | 42.7 | 54.8 | 87.0 | 28.3 | 58.9 |
| 2. मिश्र अरब गणराज्य | 253.2 | 265.9 | 529.9 | 5.0 | 99.3 |
| 3. केन्या | 199.0 | 660.7 | 442.2 | 232.1 | -33.1 |
| 4. दक्षिण अफ्रीका | 590.3 | 1,020.6 | 1,101.4 | 72.9 | 7.9 |
| 5. सूडान | 132.5 | 179.5 | 144.0 | 35.5 | -19.8 |
| 6. तंजानिया | 82.0 | 118.2 | 223.2 | 44.2 | 88.8 |
| 7. जांबिया | 25.8 | 53.4 | 66.7 | 107.2 | 25.0 |
| **ग. लैटिन अमरीकी देश** | **1,324.3** | **1,543.5** | **1,986.5** | **16.6** | **28.7** |
| **V. अन्य** | **42.8** | **40.4** | **50.0** | **-5.6** | **23.7** |
| **VI. अविनिर्दिष्ट** | **53.1** | **42.5** | **202.1** | **-19.9** | **375.0** |
| **कुल निर्यात** | **39,579.4** | **50,335.2** | **59,718.5** | **27.2** | **18.6** |

अ - अनंतिम।
**स्रोत** : वाणिज्यिक आसूचना और अंक संकलन महानिदेशालय।

## विवरण 5 : भारत के मुख्य वस्तुओं के आयात

(मिलियन अमरीकी डॉलर)

| वस्तु समूह | अप्रैल-अगस्त | | | प्रतिशत घट-बढ़ | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 2005-06 | 2006-07 | 2007-08 अ | (3)/(2) | (4)/(3) |
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
| **I. थोक आयात** | **24,056.0** | **33,818.1** | **42,327.9** | **40.6** | **25.2** |
| | **(41.3)** | **(48.0)** | **(44.7)** | | |
| **क. पेट्रोलियम, पेट्रोलियम के उत्पाद और संबद्ध सामग्री** | **16,899.7** | **24,412.4** | **28,792.1** | **44.5** | **17.9** |
| | **(29.0)** | **(34.6)** | **(30.4)** | | |
| **ख. थोक उपभोग वस्तुएं** | **1,236.6** | **1,144.4** | **1,754.2** | **-7.5** | **53.3** |
| 1. गेहूं | 0.0 | 20.8 | 21.1 | - | - |
| 2. अनाज और अनाज से निर्मित पदार्थ | 12.0 | 15.5 | 14.1 | 29.7 | -8.9 |
| 3. खाद्य तेल | 921.0 | 893.9 | 1,246.0 | -2.9 | 39.4 |
| 4. दाल | 200.2 | 213.6 | 472.5 | 6.7 | 121.2 |
| 5. चीनी | 103.5 | 0.6 | 0.4 | - | - |
| **ग. अन्य थोक मदें** | **5,919.8** | **8,261.3** | **11,781.6** | **39.6** | **42.6** |
| 1. उर्वरक | 742.2 | 1,082.6 | 1,796.5 | 45.9 | 65.9 |
| क) कच्चा माल | 136.0 | 148.2 | 176.0 | 8.9 | 18.8 |
| ख) सल्फर और अनरोस्टेड आयरन पाइराइट्स | 62.3 | 38.1 | 80.7 | -38.8 | 111.9 |
| ग) विनिर्मित वस्तुएं | 543.9 | 896.3 | 1,539.8 | 64.8 | 71.8 |
| 2. अलौह धातु | 715.2 | 1,048.1 | 1,318.5 | 46.6 | 25.8 |
| 3. कागज़, कागजी बोर्ड और न्यूज़प्रिंट सहित विनिर्मित सामग्री | 396.9 | 550.8 | 588.1 | 38.8 | 6.8 |
| 4. कच्चा रबड़, कृत्रिम और द्वितीय श्रेणी उत्पाद सहित | 191.4 | 243.3 | 304.3 | 27.2 | 25.1 |
| 5. लुगदी और रद्दी कागज़ | 245.5 | 266.3 | 303.0 | 8.5 | 13.8 |
| 6. धातुमय कच्ची अयस्क और रद्दी धातु | 1,521.7 | 2,718.7 | 3,623.1 | 78.7 | 33.3 |
| 7. लोह और इस्पात | 2,106.9 | 2,351.5 | 3,848.2 | 11.6 | 63.6 |
| **II. थोक से इतर आयात** | **34,151.8** | **36,702.8** | **52,339.7** | **7.5** | **42.6** |
| | **(58.7)** | **(52.0)** | **(55.3)** | | |
| **क. पूंजीगत वस्तुएं** | **11,696.8** | **16,267.5** | **20,964.4** | **39.1** | **28.9** |
| 1. धातु से निर्मित | 490.7 | 588.0 | 822.5 | 19.8 | 39.9 |
| 2. मशीन - औजार | 398.2 | 519.1 | 804.1 | 30.4 | 54.9 |
| 3. इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक्स को छोड़कर मशीनें | 3,791.6 | 5,298.6 | 6,772.5 | 39.7 | 27.8 |
| 4. इलेक्ट्रॉनिक्स को छोड़कर इलेक्ट्रिकल मशीनें | 573.7 | 775.8 | 985.7 | 35.2 | 27.1 |
| 5. कंप्यूटर सॉफ्टवेयर सहित इलेक्ट्रॉनिक वस्तुएं | 5,062.9 | 6,805.4 | 8,603.1 | 34.4 | 26.4 |
| 6. परिवहन के साधन | 1,037.9 | 1,533.1 | 2,473.9 | 47.7 | 61.4 |
| 7. परियोजना वस्तुएं | 341.9 | 747.4 | 502.7 | 118.6 | -32.7 |
| **ख. मुख्यत: निर्यात से संबद्ध मदें** | **8,432.8** | **7,240.9** | **9,263.7** | **-14.1** | **27.9** |
| 1. मोती, बहुमूल्य और कम बहुमूल्य पत्थर | 4,492.9 | 2,877.2 | 3,997.2 | -36.0 | 38.9 |
| 2. रसायन, आर्गेनिक और इनआर्गेनिक | 2,839.0 | 3,206.9 | 4,063.6 | 13.0 | 26.7 |
| 3. टेक्सटाइल यार्न, फैब्रिक, आदि | 840.6 | 933.1 | 1,004.6 | 11.0 | 7.7 |
| 4. काजू, नट कच्चा | 260.2 | 223.7 | 198.3 | -14.0 | -11.4 |
| **ग. अन्य** | **14,022.3** | **13,194.4** | **22,111.6** | **-5.9** | **67.6** |
| *जिसमें से :* | | | | | |
| 1. सोना और चांदी | 6,237.1 | 4,634.9 | 10,644.5 | -25.7 | 129.7 |
| 2. कृत्रिम राल (रेजिन) और प्लास्टिक सामग्री | 899.4 | 1,062.9 | 1,450.8 | 18.2 | 36.5 |
| 3. इलेक्ट्रिकल को छोड़कर व्यावसायिक उपकरण | 768.5 | 934.0 | 1,234.0 | 21.5 | 32.1 |
| 4. कोयला, कोक और ब्रिकेट आदि | 1,512.2 | 1,741.2 | 2,372.8 | 15.1 | 36.3 |
| 5. औषधीय और भेषज उत्पाद | 392.7 | 462.9 | 696.3 | 17.9 | 50.4 |
| 6. रासायनिक सामग्री और उत्पाद | 415.2 | 567.3 | 629.8 | 36.6 | 11.0 |
| 7. अधात्विक खनिज विनिर्माण | 247.6 | 306.6 | 378.8 | 23.8 | 23.6 |
| **कुल आयात** | **58,207.8** | **70,520.9** | **94,667.6** | **21.2** | **34.2** |
| ***ज्ञापन मदें*** | | | | | |
| **तेल से इतर आयात** | **41,308.1** | **46,108.6** | **65,875.5** | **11.6** | **42.9** |
| **सोने और चांदी को छोड़कर तेल से इतर आयात** | **35,071.1** | **41,473.6** | **55,231.0** | **18.3** | **33.2** |
| **मुख्यत: औद्योगिक निविष्टियां *** | **32,522.1** | **38,498.9** | **50,703.0** | **18.4** | **31.7** |

अ : अनंतिम।

* : सोने और चांदी को छोड़कर तेल से इतर आयात, थोक उपभोग की वस्तुएं, विनिर्मित उर्वरक और व्यावसायिक उपकरण।

**टिप्पणी** : कोष्ठक के आंकड़े उस अवधि की कुल आयात के प्रतिशत से संबंधित हैं।

**स्रोत** : वाणिज्यिक आसूचना और अंक संकलन महानिदेशालय।

## विवरण 6 : भारत के विदेशी व्यापार की दिशा - आयात

(मिलियन अमरीकी डॉलर)

| वस्तु समूह | अप्रैल-अगस्त | | | प्रतिशत घट-बढ़ | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 2005-06 | 2006-07 | 2007-08 अ | (3)/(2) | (4)/(3) |
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
| **I. आर्थिक सहयोग और विकास संगठन के देश** | **20,259.9** | **21,884.0** | **32,398.6** | **8.0** | **48.0** |
| **क. यूरोपीय संघ** | **9,268.0** | **10,029.6** | **13,117.7** | **8.2** | **30.8** |
| *जिसमें से :* | | | | | |
| 1. बेल्जियम | 2,178.5 | 1,530.6 | 2,195.9 | -29.7 | 43.5 |
| 2. फ्रान्स | 619.7 | 796.9 | 946.0 | 28.6 | 18.7 |
| 3. जर्मनी | 2,367.2 | 2,939.1 | 3,637.7 | 24.2 | 23.8 |
| 4. इटली | 726.7 | 1,033.7 | 1,387.8 | 42.2 | 34.3 |
| 5. नीदरलैंड | 455.5 | 412.0 | 654.2 | -9.6 | 58.8 |
| 6. यूके | 1,662.9 | 1,539.5 | 2,106.2 | -7.4 | 36.8 |
| **ख. उत्तर अमरीका** | **3,473.1** | **4,526.2** | **6,029.9** | **30.3** | **33.2** |
| 1. कनाडा | 333.0 | 421.0 | 673.1 | 26.4 | 59.9 |
| 2. अमरीका | 3,140.1 | 4,105.1 | 5,356.8 | 30.7 | 30.5 |
| **ग. एशिया और ओसीनिया** | **3,713.1** | **4,606.4** | **6,508.7** | **24.1** | **41.3** |
| *जिसमें से :* | | | | | |
| 1. आस्ट्रेलिया | 2,227.2 | 2,661.1 | 3,911.0 | 19.5 | 47.0 |
| 2. जापान | 1,416.6 | 1,826.0 | 2,458.0 | 28.9 | 34.6 |
| **घ. आर्थिक सहयोग और विकास संगठन के अन्य देश** | **3,805.8** | **2,721.8** | **6,742.1** | **-28.5** | **147.7** |
| *जिसमें से :* | | | | | |
| 1. स्विटज़रलैंड | 3,649.8 | 2,494.5 | 5,685.8 | -31.7 | 127.9 |
| **II. पेट्रोलियम निर्यातक देशों का संगठन** | **4,791.2** | **23,735.1** | **27,874.4** | **395.4** | **17.4** |
| *जिसमें से :* | | | | | |
| 1. इंडोनेशिया | 1,228.4 | 1,413.7 | 2,013.6 | 15.1 | 42.4 |
| 2. ईरान | 274.2 | 3,279.5 | 3,910.9 | 1,096.2 | 19.3 |
| 3. ईराक | 0.9 | 2,357.2 | 2,228.5 | - | - |
| 4. कुवैत | 120.9 | 2,622.1 | 2,514.4 | 2,069.3 | -4.1 |
| 5. सऊदी अरब | 588.3 | 5,994.6 | 6,394.8 | 919.1 | 6.7 |
| 6. संयुक्त अरब अमीरात | 2,212.8 | 3,737.0 | 5,296.0 | 68.9 | 41.7 |
| **III. पूर्वी यूरोप** | **1,640.0** | **1,582.0** | **2,090.1** | **-3.5** | **32.1** |
| *जिसमें से :* | | | | | |
| 1. रूमानिया | 151.6 | 96.5 | 198.4 | -36.3 | 105.6 |
| 2. रूस | 840.8 | 663.9 | 836.0 | -21.0 | 25.9 |
| **IV. विकासशील देश** | **14,501.7** | **23,131.8** | **31,910.3** | **59.5** | **37.9** |
| *जिसमें से :* | | | | | |
| **अ. एशिया** | **11,562.3** | **18,555.1** | **24,994.6** | **60.5** | **34.7** |
| **क) दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संघ** | **528.3** | **640.0** | **673.7** | **21.1** | **5.3** |
| 1. बांग्लादेश | 31.0 | 105.5 | 121.5 | 240.2 | 15.2 |
| 2. भूटान | 32.2 | 43.9 | 77.2 | 36.4 | 75.8 |
| 3. मालदीव | 0.8 | 1.3 | 1.5 | - | - |
| 4. नेपाल | 152.4 | 110.4 | 158.4 | -27.6 | 43.5 |
| 5. पाकिस्तान | 68.6 | 121.8 | 109.4 | 77.6 | -10.2 |
| 6. श्रीलंका | 226.9 | 230.7 | 183.3 | 1.7 | -20.5 |
| 7. अफ़गानीस्तान | 16.4 | 26.4 | 22.4 | 61.1 | -15.1 |
| **ख) अन्य एशियाई विकासशील देश** | **11,034.0** | **17,915.1** | **24,320.9** | **62.4** | **35.8** |
| *जिसमें से :* | | | | | |
| 1. चीन गणराज्य | 4,026.6 | 6,508.4 | 10,424.6 | 61.6 | 60.2 |
| 2. हांगकांग | 880.9 | 1,014.8 | 1,117.8 | 15.2 | 10.1 |
| 3. दक्षिण कोरिया | 1,681.4 | 1,879.6 | 2,295.1 | 11.8 | 22.1 |
| 4. मलेशिया | 987.4 | 1,972.9 | 2,481.5 | 99.8 | 25.8 |
| 5. सिंगापुर | 1,222.6 | 2,255.5 | 2,900.4 | 84.5 | 28.6 |
| 6. थाइलैंड | 500.0 | 653.5 | 994.4 | 30.7 | 52.2 |
| **आ. अफ्रीका** | **2,012.2** | **2,734.1** | **4,459.5** | **35.9** | **63.1** |
| *जिसमें से :* | | | | | |
| 1. बेनिन | 57.8 | 55.1 | 51.8 | -4.8 | -6.0 |
| 2. मिश्र अरब गणराज्य | 124.4 | 798.4 | 785.5 | 542.0 | -1.6 |
| 3. केन्या | 23.3 | 23.4 | 30.2 | 0.0 | 29.5 |
| 4. दक्षिण अफ्रीका | 1,114.0 | 987.8 | 1,836.4 | -11.3 | 85.9 |
| 5. सुडान | 13.6 | 13.1 | 141.9 | -3.8 | 981.0 |
| 6. तंज़ानिया | 15.6 | 15.5 | 19.1 | -1.1 | 23.5 |
| 7. जांबिया | 17.7 | 13.9 | 54.5 | - | 291.0 |
| **ग. लैटिन अमरीकी देश** | **927.2** | **1,842.6** | **2,456.2** | **98.7** | **33.3** |
| **V. अन्य** | **13.7** | **31.5** | **40.1** | **129.7** | **27.0** |
| **VI. अविनिर्दिष्ट** | **17,001.3** | **156.5** | **354.1** | **-99.1** | **126.3** |
| **कुल निर्यात** | **58,207.8** | **70,520.9** | **94,667.6** | **21.2** | **34.2** |

अ : अनंतिम

**टिप्पणी** : कोष्ठक के आंकड़े उस अवधि के कुल आयात के प्रतिशत से संबंधित हैं।

**स्रोत** : वाणिज्यिक आसूचना और अंक संकलन महानिदेशालय।